

पथरगामा में गरीब परिवारों के बीच बांटा गया राशन

संसू, पथरगामा : पथरगामा प्रखंड के घाट कुराबा में प्रदान संस्था की ओर से रविवार को अति गरीब 50 परिवारों के बीच राशन सामग्री का वितरण किया गया। बीडीओ बासुदेव प्रसाद और सीओ राजू कमल ने इसका उद्घाटन किया।

बताया गया कि अति गरीब परिवारों के बीच प्रति परिवार 15 किलो चावल, दो किलो दाल, दो किलो आटा, दो किलो चूड़ा, आधा किलो चीनी, एक लीटर तेल, एक किलो नमक, एक सौ ग्राम हल्दी पाउडर, तीन पीस साबुन, 4 किलो आलू, एक किलो प्याज, दो पैकेट सोयाबीन का वितरण किया गया। मौके पर प्रदान के प्रतिनिधियों के अलावा मां योगिनी महिला मंडल की महिलाएं एवं मुखिया प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार भगत मौजूद थे।